Series S7PQR

SET~3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/7/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

[ ]

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

अर्थशास्त्र
ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।

Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*

***खण्ड क** – समष्टि अर्थशास्त्र*

***खण्ड ख** – भारतीय आर्थिक विकास*

(iii) *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(iv) *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-**I** के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

(v) *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-**II** के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

(vi) *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

(vii) *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

(viii) *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

खण्ड क
समष्टि अर्थशास्त्र

1. अयान एक परिवहन कम्पनी का मालिक है तथा वर्ष 2024 – 25 में उसने सभी वाहनों की मरम्मत पर ₹ 30,000 व्यय किए।

भारत की राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय इसे _____ व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) मध्यवर्ती

(B) उपभोग

(C) निवेश

(D) अंतिम

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

General Instructions :

Read the following instructions carefully and follow them :

(i) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper contains **two** sections :*

***Section A** – Macro Economics*

***Section B** – Indian Economic Development*

(iii) *This question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

(iv) *This question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

(v) *This question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

(vi) *This question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

(vii) *Attempt **all** parts of a question together.*

(viii) *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

(ix) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

SECTION A
Macro Economics

1. Ayaan owns a transportation company and spent ₹ 30,000 in the year 2024 – 25 on the repair of all vehicles.

This will be classified as _____ expenditure while estimating the National Income of India. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Intermediate

(B) Consumption

(C) Investment

(D) Final

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. कीन्स के सिद्धांत के अंतर्गत, 'संदर्भ रेखा' मूल-बिन्दु से जाती हुई सीधी रेखा है जो कि _____ का कोण बनाती है। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) 25°

(B) 45°

(C) 55°

(D) 75°

3. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

कथन I : स्टॉक चर किसी विशेष समय पर मापनीय होते हैं।

कथन II : किसी निश्चित समयावधि में किसी भी स्टॉक चर में परिवर्तन प्रवाह चर होता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I और II दोनों सत्य हैं।

(B) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

(C) कथन I सत्य है, परन्तु कथन II असत्य है।

(D) कथन I असत्य है, परन्तु कथन II सत्य है।

4. मान लीजिए कि भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) आरक्षित (रिज़र्व) अनुपात को 10% के बराबर रखने का निश्चय करता है। कुल सृजित जमा, प्रारंभिक जमा का _____ गुना होगी। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) ∞ (अनंत)

(B) 1 (इकाई)

(C) 0 (शून्य)

(D) 10 (दस)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

2. Under the Keynesian theory, 'Reference line' is a straight line passing through the origin drawn at an angle of _____. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) 25°

(B) 45°

(C) 55°

(D) 75°

3. Read the following statements carefully : *1*

Statement I : Stock variables are measurable at a particular point of time.

Statement II : A change in any stock variable in a given time period is a flow variable.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Both Statements I and II are true.

(B) Both Statements I and II are false.

(C) Statement I is true, but Statement II is false.

(D) Statement I is false, but Statement II is true.

4. Suppose the Reserve Bank of India (RBI) decides to keep the reserve ratio equal to 10%. The total deposits created will be _____ times the primary deposit. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) ∞ (Infinity)

(B) 1 (Unity)

(C) 0 (Zero)

(D) 10 (Ten)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

5. निम्नलिखित कथनों : अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

अभिकथन (A) : पूँजीगत खाता संतुलन में होता है, जब पूँजी अंत:प्रवाह पूँजी बाह्य प्रवाह के बराबर होती है।

कारण (R) : स्वायत्त पूँजीगत प्रवाह परिसम्पत्तियों में कमी तथा देनदारियों में वृद्धि को दर्शाते हैं।

विकल्प :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है।

6. "विगत कुछ समयावधि में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो दर (RR) में कटौती की है।"

इस नीतिगत परिवर्तन के पीछे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) का सबसे संभावित उद्देश्य ऋण प्राप्त करने की लागत में _____ करना तथा अर्थव्यवस्था में तरलता में _____ करना है। *1*

(रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) कमी, कमी

(B) वृद्धि, वृद्धि

(C) कमी, वृद्धि

(D) वृद्धि, कमी

7. दिए गए चित्र के संदर्भ में आय के किस स्तर पर औसत बचत प्रवृत्ति (APS) का मान शून्य होगा ? *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)



विकल्प :

(A) स्तर O पर

(B) स्तर OY_1 पर

(C) स्तर OY_2 पर

(D) स्तर OY_3 पर

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

5. Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : *1*

Assertion (A) : Capital account is in balance when capital inflows are equal to capital outflows.

Reason (R) : Autonomous capital inflows indicate a decrease in assets and an increase in liabilities.

Options :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

6. "In recent times, the Reserve Bank of India has reduced the Repo Rate (RR)."

The most likely objective of the Reserve Bank of India behind this policy change is to _____ the borrowing cost and _____ liquidity in the economy. *1*

(Choose the correct option to fill in the blanks)

(A) decrease, decrease

(B) increase, increase

(C) decrease, increase

(D) increase, decrease

7. Refer to the given diagram. At which level of income will the value of Average Propensity to Save (APS) be zero ? *1*

(Choose the correct option)



Options :

(A) Level O

(B) Level OY_1

(C) Level OY_2

(D) Level OY_3

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

नोट : *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***7*** *के स्थान पर है ।*

आय के सम-स्तर (break-even level) पर, उपभोग फलन की ढलान _____ के बराबर होगी । *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) औसत बचत प्रवृत्ति (APS)
(B) औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC)
(C) सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS)
(D) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC)

8. पहचान कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का आकलन करते हुए सम्मिलित होगा । *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) आकस्मिक लाभ
(B) पूँजीगत हानि
(C) मिश्रित आय
(D) हस्तांतरण आय

9. "अनिल ने ₹ 30 लाख की लागत से एक मकान का क्रय किया । इसके लिए उसने बैंक से ऋण प्राप्त किया, जिसका भुगतान 25 वर्षों की निश्चित मासिक किश्तों में करने के लिए वह सहमत हुआ ।" *1*

उपर्युक्त स्थिति में मुद्रा के कार्य की पहचान कीजिए । (सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) विनिमय का माध्यम
(B) स्थगित भुगतान का मानक
(C) विनिमय का माध्यम तथा स्थगित भुगतान का मानक
(D) मूल्य का भंडार

10. भारत के भुगतान संतुलन (BoP) के पूँजी खाते में दर्ज किए जाने वाले लेनदेन की पहचान कीजिए : *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(i) भारतीय निवासियों द्वारा दुबई में संपत्तियों का क्रय
(ii) अंतर्राष्ट्रीय बैंकों से भारतीय फर्मों को प्राप्त ऋण
(iii) विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषण
(iv) भारत सरकार द्वारा IMF को बकाया ऋणों का भुगतान

विकल्प :

(A) (i) और (iii)
(B) केवल (iii)
(C) (ii) और (iii)
(D) (i), (ii) और (iv)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Note : *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of* ***Q. No. 7.***

At the break-even level of income, the slope of the consumption function will be equal to _____. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Average Propensity to Save (APS)

(B) Average Propensity to Consume (APC)

(C) Marginal Propensity to Save (MPS)

(D) Marginal Propensity to Consume (MPC)

8. Identify which of the following option will be included while estimating the national income by income method. *1*

(Choose the correct option)

(A) Windfall gains (B) Capital loss

(C) Mixed income (D) Transfer income

9. "Anil purchased a house costing ₹ 30 lakhs. For this, he took a bank loan, which he agreed to repay over a period of 25 years in fixed monthly instalments."

Identify the function of money indicated in the above situation. *1*

(Choose the correct option)

(A) Medium of exchange

(B) Standard of deferred payments

(C) Medium of exchange and standard of deferred payments

(D) Store of value

10. Identify the transactions that will be recorded in India's capital account of the Balance of Payments (BoP) : *1*

(Choose the correct option)

(i) Indian residents purchasing properties in Dubai

(ii) Indian firms borrowing from international banks

(iii) Remittances by Indians working abroad

(iv) Repayment of outstanding loans by the Indian Government to the IMF

Options :

(A) (i) and (iii) (B) Only (iii)

(C) (ii) and (iii) (D) (i), (ii) and (iv)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

11. (क) किसी काल्पनिक अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित आँकड़ों द्वारा, राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) के मान की गणना कीजिए : *3*

क्र. सं.	मदें	राशि (₹ करोड़ में)
(i)	स्वनियोजितों की मिश्रित आय	550
(ii)	विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय	(–) 50
(iii)	किराया	150
(iv)	स्थिर / स्थायी पूँजी का उपभोग	40
(v)	कर उपरांत लाभ	250
(vi)	मजदूरी एवं वेतन	1700
(vii)	शुद्ध अप्रत्यक्ष कर	50
(viii)	निगम कर	150
(ix)	लाभांश	50
(x)	शुद्ध निर्यात	(–) 40
(xi)	ब्याज	350
(xii)	नियोक्ता द्वारा सामाजिक सुरक्षा योगदान	80

अथवा

(ख) मान्य कारणों द्वारा बताइए कि, निम्नलिखित को भारत की राष्ट्रीय आय की गणना करते समय व्यवहार में लाया जाएगा या नहीं :

(i) एक फर्म द्वारा अपनी फैक्ट्री परिसर में एक नई मंजिल के निर्माण पर किया गया व्यय

(ii) एक कृषक द्वारा अपने परिवार द्वारा उपभोग हेतु रखा गया एक क्विंटल चावल *3*

12. "भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) नकद आरक्षित अनुपात (CRR) को चरणबद्ध तरीके से 4% से 3% तक लाने की योजना का कार्यान्वयन कर रहा है।"

दी गई जानकारी के आलोक में, साख विस्तार को प्रोत्साहित करने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की नीतिगत पहल के पीछे के तर्क की व्याख्या कीजिए। *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

11. (a) From the following data of a hypothetical economy, calculate the value of National Income (NNP_{FC}). *3*

S. No.	Particulars	Amount (in ₹ Crore)
(i)	Mixed income of the self-employed	550
(ii)	Net factor income from abroad	(–) 50
(iii)	Rent	150
(iv)	Consumption of fixed capital	40
(v)	Profits after tax	250
(vi)	Wages and salaries	1700
(vii)	Net indirect taxes	50
(viii)	Corporate tax	150
(ix)	Dividends	50
(x)	Net exports	(–) 40
(xi)	Interest	350
(xii)	Social security contributions by employers	80

OR

(b) Giving valid reasons, state whether the following will be included in India's National Income :

(i) Expenditure on the construction of a new floor of its factory premises by a firm

(ii) A quintal of rice kept aside by a farmer for his family's consumption *3*

12. "The RBI is implementing a phased reduction of the Cash Reserve Ratio (CRR) from 4% to 3%."

In the light of the given information, explain the rationale behind the Reserve Bank of India's policy initiative to promote credit expansion. *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. (क) पहचानिए कि, निम्नलिखित वस्तुएँ किस श्रेणी में आती हैं। वस्तुओं की दोनों श्रेणियों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *4*

(i) सब्ज़ी विक्रेता से गृहस्थों द्वारा क्रय सब्ज़ियाँ

(ii) सब्ज़ी विक्रेता से रेस्टोरेंट द्वारा क्रय सब्ज़ियाँ

अथवा

(ख) "यदि किसी राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो रही है, तो इसका तात्पर्य यह नहीं है कि जन-कल्याण में भी वृद्धि हो रही है।"

मान्य व्याख्या द्वारा उपर्युक्त कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए। *4*

14. अमेरिकी डॉलर (US $) की तुलना में भारतीय रुपये की विनिमय दरें 5 सितम्बर, 2025 को ₹ 88·325 के उच्चतम स्तर एवं 2 सितम्बर, 2025 के ₹ 87·899 के निम्नतर स्तर में परिवर्तित होती रही हैं।

विनिमय दरों की इस अस्थिरता के आलोक में, सभी अन्य कारकों को अपरिवर्तित मानते हुए, भारत के आयात व निर्यात पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव का विश्लेषण कीजिए। *4*

15. (क) 'अपस्फीतिकारी अंतराल' के अर्थ का उल्लेख कीजिए। *1*

(ख) यदि नियोजित समग्र माँग नियोजित समग्र पूर्ति से कम हो, तो अर्थव्यवस्था में संतुलन बहाल करने के लिए समायोजन तंत्र की व्याख्या कीजिए। *3*

16. (क) (i) "मान लीजिए कि किसी अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय में हुई वृद्धि से राष्ट्रीय आय में पाँच गुना वृद्धि दर्ज की गई थी।"

यदि आय में परिवर्तन ₹ 2,000 करोड़ था तो निवेश व्यय में वृद्धि की गणना कीजिए। *3*

(ii) ऐसे किसी एक राजकोषीय उपाय की व्याख्या कीजिए जिसे किसी राष्ट्र की सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था में प्रचलित स्फीति अंतराल को कम करने के उद्देश्य से उठाया जा सकता है। *3*

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

13. (a) Identify, the category of goods to which the following belong. Explain the difference between the two categories of goods. *4*

(i) A household buying vegetables from a vegetable vendor

(ii) A restaurant buying vegetables from the same vegetable vendor

OR

(b) "If the Gross Domestic Product (GDP) of a country is rising, the welfare of people may not rise as a consequence."

Defend or refute the above statement with a valid explanation. *4*

14. The exchange rate of the US dollar to the Indian rupee has fluctuated between a high of ₹ 88·325 on September 5, 2025 and a low of ₹ 87·899 on September 2, 2025.

In the light of these exchange rate movements, analyse the likely impact on the exports and imports of India, assuming all other factors constant. *4*

15. (a) Give the meaning of 'Deflationary Gap'. *1*

(b) Explain the adjustment mechanism to restore equilibrium in the economy, if ex-ante Aggregate Demand is less than ex-ante Aggregate Supply. *3*

16. (a) (i) "Suppose, in an economy, a given rise in investment expenditure results in a five-fold increase in National Income."

Calculate the rise in the investment expenditure if the change in income was ₹ 2,000 crore. *3*

(ii) Explain any one fiscal measure which the government of the nation can initiate to curtail the situation of inflationary gap in the economy. *3*

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(ख) (i) एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, जब भी आय में वृद्धि होती है, तो गृहस्थों की बचत 20% से बढ़ जाती है। उनका उपभोग व्यय, जो आय के स्तर से स्वतंत्र है, ₹ 200 करोड़ है। स्वायत्त निवेश व्यय ₹ 100 करोड़ है। आय के संतुलन स्तर की गणना कीजिए। *3*

(ii) केन्द्रीय बैंक ने यह घोषणा की है कि, वह खुले बाज़ार परिचालन के माध्यम से कुल ₹ 80,000 करोड़ मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) की नीलामी आयोजित करेगा।

उपर्युक्त दी गई सूचना के आलोक में, केन्द्रीय बैंक द्वारा इस प्रकार के मुक्त बाज़ार परिचालन का भारतीय अर्थव्यवस्था की समग्र माँग पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण कीजिए। *3*

17. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

संघीय सरकार के बजट दस्तावेज़ के अनुसार, भारत अगले वित्तीय वर्ष में खाद्य, उर्वरक एवं ग्रामीण रोज़गार योजनाओं के उपदानों पर ₹ 4·57 ट्रिलियन ($ 52·81 बिलियन) व्यय करेगा।

संघीय सरकार ने अपने संशोधित अनुमानों के अनुसार, 31 मार्च को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए तीनों प्रकार के उपदान पर ₹ 4·54 ट्रिलियन का सामूहिक व्यय निर्धारित किया है। सरकार के प्रमुख ग्रामीण रोज़गार गारंटी कार्यक्रम का आबंटन को ₹ 860 अरब पर बरकरार रखा गया है, जबकि उर्वरकों के लिए आबंटन 2024 – 25 के संशोधित अनुमान ₹ 1·71 ट्रिलियन से मामूली रूप से घटाकर ₹ 1·67 ट्रिलियन कर दिया गया है।

राष्ट्र ने आगामी वित्त वर्ष के लिए खाद्य उपदान का बजट ₹ 2·03 ट्रिलियन रखा है, जो कि चालू वित्त वर्ष के लिए ₹ 1·97 ट्रिलियन के संशोधित अनुमान से कुछ अधिक है।

उपर्युक्त गद्य तथा अर्थशास्त्र संबंधी सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) गद्य में इंगित सरकारी बजट के उद्देश्य की व्याख्या कीजिए। *3*

(ii) बजटीय व्यय की उस श्रेणी की पहचान कीजिए जिसमें उपदान सम्मिलित होते हैं तथा अपने उत्तर के समर्थन में कारण स्पष्ट कीजिए। *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) (i) In a hypothetical economy, whenever the income increases, savings of the households increase by 20%. Their consumption expenditure which is independent of the level of income is ₹ 200 crore. The autonomous investment expenditure is ₹ 100 crore. Calculate the Equilibrium level of Income. *3*

(ii) The Central Bank announced that it will conduct auctions of government securities (G-Sec) for a total of ₹ 80,000 crore through open market operations.
In the light of the information given above, analyse the likely impact of such open market operations of the Central Bank on the aggregate demand of the Indian economy. *3*

17. Read the following text carefully :

According to the federal government's budget document, India will spend ₹ 4·57 trillion ($ 52·81 billion) on subsidies for food, fertilisers and rural employment schemes in the next financial year.

The federal government has budgeted a collective spending of ₹ 4·54 trillion for the current fiscal year ending March 31 across the three types of subsidies, as per the government's revised estimates. The allocation for the government's flagship rural jobs guarantee programme has been retained at ₹ 860 billion while that for fertilisers has been marginally lowered to ₹ 1·67 trillion from ₹ 1·71 trillion revised estimate for 2024 – 25.

The country has budgeted ₹ 2·03 trillion for food subsidy for the upcoming financial year at slightly above the ₹ 1·97 trillion revised estimate for the ongoing fiscal year.

On the basis of the above text and common understanding related to economics, answer the following questions :

(i) Explain the objective of government budget indicated in the text. *3*

(ii) Identify the category of budgetary expenditure to which subsidies belong and explain the reason in support of your answers. *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

खण्ड ख

भारतीय आर्थिक विकास

18. निम्नलिखित में से सही कथन की पहचान कीजिए : *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) मानव पूँजी मूर्त होती है, जबकि भौतिक पूँजी अमूर्त होती है।

(B) मानव पूँजी निर्माण और भौतिक पूँजी एक समान हैं।

(C) मानव पूँजी न केवल मालिक को, बल्कि समग्र रूप से समाज को भी लाभ पहुँचाती है।

(D) मानव पूँजी और भौतिक पूँजी के मामले में मूल्यह्रास की प्रकृति समान रहती है।

19. निम्नलिखित में से जैविक कृषि की सीमा (limitation) की पहचान कीजिए : *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) स्वास्थ्यवर्धक भोजन

(B) अल्प उपभोग अवधि

(C) पर्यावरण अनुकूल

(D) अल्प उत्पादन लागत

20. राघव एक फैक्ट्री का मालिक है, जिसके पास 50 कर्मचारी हैं। उसने पाँच कर्मचारियों को नौकरी से निवृत्त कर दिया तथा यह देखा कि फैक्ट्री का कुल उत्पादन अपरिवर्तित रहा। इस स्थिति को संभवत: _____ रोज़गार के रूप में वर्णित किया जाएगा। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) संरचनात्मक (B) प्रच्छन्न

(C) मौसमी (D) घर्षणात्मक

21. शिक्षा पर भारत सरकार द्वारा किया जाने वाला व्यय _____ के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(i) सकल घरेलू उत्पाद

(ii) कुल सरकारी व्यय

(iii) कुल राज्य व्यय

विकल्प :

(A) (i) और (iii) (B) (i) और (ii)

(C) (ii) और (iii) (D) (i), (ii) और (iii)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

SECTION B
Indian Economic Development

18. Identify the correct statement from the following : *1*

(Choose the correct option)

(A) Human capital is tangible, whereas physical capital is intangible.

(B) Human capital formation and physical capital are the same.

(C) Human capital benefits not only the owner, but also society in general.

(D) Human capital, and physical capital, nature of depreciation remains the same.

19. Identify the limitation of organic farming from the following : *1*

(Choose the correct option)

(A) Healthier food

(B) Shorter shelf-life

(C) Environment-friendly

(D) Lower production cost

20. Raghav is a factory owner with 50 workers. He laid off 5 workers and noticed that the total factory output remained the same. This situation will most likely be described as _____ employment. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Structural (B) Disguised

(C) Seasonal (D) Frictional

21. The expenditure by the Indian government on education is expressed as a percentage of _____ . *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(i) Gross Domestic Product (GDP)

(ii) Total Government Expenditure

(iii) Total State Expenditure

Options :

(A) (i) and (iii) (B) (i) and (ii)

(C) (ii) and (iii) (D) (i), (ii) and (iii)

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

22. निम्नलिखित में से अस्थायी कर्मचारी का उदाहरण पहचानिए : *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) एक कालीन निर्यातक

(B) सरकारी अस्पताल में नियुक्त एक स्थायी नर्स

(C) निर्माण स्थल पर कार्यरत एक राजमिस्त्री (Mason)

(D) स्व-व्यवसाय चलाने वाला एक स्थानीय दर्जी

23. कॉलम I में दी गई मदों तथा कॉलम II में दिए गए तथ्यों के समूह में से, सही युग्म का चयन कीजिए : *1*

	कॉलम I		*कॉलम II*
a.	ग्रेट लीप फारवर्ड	i.	छात्रों व पेशेवरों को ग्रामीण इलाकों में भेजा गया
b.	महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति	ii.	कृषि व उद्योगों में परिवर्तन लाने के उद्देश्य हेतु
c.	चीन में आर्थिक सुधार	iii.	पूँजीगत उद्योगों के राष्ट्रीयकरण उद्देश्य हेतु
d.	चीनी जनवादी गणराज्य की स्थापना	iv.	सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को सरकारी नियंत्रण में लाने हेतु

विकल्प :

(A) a-i (B) b-ii

(C) c-iii (D) d-iv

24. भारतीय उत्पादकों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से जो सुरक्षा प्रदान की गई उससे उन्हें अपनी उत्पादित वस्तुओं में सुधार करने का प्रोत्साहन नहीं मिला। संदर्भित नीति की पहचान कीजिए : *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) औद्योगिक नीति प्रस्ताव, 1948

(B) लघु उद्योग संरक्षण नीति

(C) आयात प्रतिस्थापन नीति

(D) लाइसेंसिंग नीति

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

22. Identify the example of a casual worker from the following : *1*

(Choose the correct option)

(A) An exporter of carpets

(B) A nurse permanently employed in a government hospital

(C) A mason working at a construction site

(D) A local tailor running his own business

23. From the set of terms given in Column I and the corresponding facts given in Column II, choose the correct pair : *1*

	Column I		*Column II*
a.	Great Leap Forward	i.	Students and professionals were sent to the countryside
b.	Great Proletarian Cultural Revolution	ii.	Aimed at bringing changes in agriculture and industry
c.	Economic Reforms in China	iii.	Aimed at nationalisation of capital good industries
d.	Establishment of People's Republic of China	iv.	All critical sectors were brought under government control

Options :

(A) a-i (B) b-ii

(C) c-iii (D) d-iv

24. Indian producers were protected against foreign competition which did not give them the incentive to improve the quality of goods that they produced. Identify the policy referred to : *1*

(Choose the correct option)

(A) Industrial Policy Resolution, 1948

(B) Policy to promote small-scale industries

(C) Import substitution policy

(D) Licencing policy

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

25. एक काल्पनिक देश में, यदि श्रमिक जनसंख्या का अनुपात 30 है तथा कुल श्रमिकों की संख्या 1500 है, तो इसकी कुल जनसंख्या _____ होगी। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) 50
(B) 450
(C) 5,000
(D) 50,000

26. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

कथन I : प्रशांता चन्द्र महालनोबिस को भारतीय नियोजन के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है।

कथन II : 1948 की औद्योगिक नीति प्रस्ताव को इस उद्देश्य से अपनाया गया था कि अर्थव्यवस्था में राज्य प्रमुख भूमिका निभा सके।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(B) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(C) कथन I सत्य है, परन्तु कथन II असत्य है।
(D) कथन I असत्य है, परन्तु कथन II सत्य है।

27. हरमन डेली (एक पर्यावरण अर्थशास्त्री) के अनुसार, धारणीय विकास प्राप्त करने के लिए _____। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) मानव जनसंख्या को वहन क्षमता (Carrying capacity) के भीतर सीमित रखा जाना चाहिए
(B) तकनीकी प्रगति आगत उपभोगी होनी चाहिए
(C) नवीकरणीय संसाधनों का सतत आधार पर दोहन नहीं करना चाहिए
(D) ग़ैर-नवीकरणीय संसाधनों की ह्रास की दर उनके प्रतिस्थापन दर से अधिक होनी चाहिए

28. "भारत और पाकिस्तान ने स्व-विकास पथ हेतु समान विकासात्मक रणनीतियां अपनाई थी।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? प्रासंगिक स्पष्टीकरण द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

25. In a hypothetical country, if the worker-population ratio is 30 and total number of workers is 1500, its total population will be _____ . *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) 50
(B) 450
(C) 5,000
(D) 50,000

26. Read the following statements carefully : *1*

Statement I : Prasanta Chandra Mahalanobis is known as the architect of Indian planning.

Statement II : The Industrial Policy Resolution of 1948 was adopted to ensure that the state takes the dominating status in the economy.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Both Statements I and II are true.
(B) Both Statements I and II are false.
(C) Statement I is true, but Statement II is false.
(D) Statement I is false, but Statement II is true.

27. According to Herman Daly (an environmental economist), to achieve sustainable development _____. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) the human population should be limited within the carrying capacity
(B) technological progress should be input-consuming
(C) renewable resources should not be extracted on a sustainable basis
(D) the non-renewable resources' rate of depletion should exceed its rate of substitution

28. "India and Pakistan followed similar developmental strategies for their own development paths."

Do you agree with the given statement ? Justify your answer with a relevant explanation. *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

29. (क) एक नए स्टार्टअप ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की भर्ती करने का निर्णय किया। इसके प्रबंधकों ने नए कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर परीक्षण (on-the-job training) का विकल्प चुना।

क्या आप प्रबंधकों द्वारा लिए गए इस निर्णय का समर्थन करते हैं ? अपने उत्तर को तर्कसंगत स्पष्टीकरण के साथ सिद्ध कीजिए। *3*

अथवा

(ख) 1991 के सुधारोपरांत, भारत में सेवा क्षेत्रक में नए रोजगार के अवसरों का उदय हुआ है। ये नए रोजगार मुख्यत: अनौपचारिक क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

दिए गए कथन का उचित स्पष्टीकरण दीजिए। *3*

30. **जनसांख्यिकीय संकेतक, 2022**

देश	अनुमानित जनसंख्या (लाखों में)	जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर	लिंग अनुपात (प्रति हजार पुरुष)
भारत	1412	0·68%	938
चीन	1417	– 0·01%	959
पाकिस्तान	236	1·89%	982

उपर्युक्त आँकड़ों का विश्लेषण तीनों देशों के जनसांख्यिकीय संकेतकों के संदर्भ में कीजिए। *4*

31. (क) "1991 में सार्वजनिक क्षेत्र से उद्योगों के आरक्षण मुक्त होने के उपरांत, दूरसंचार क्षेत्र में तीव्र वृद्धि देखी गई। दूसरी ओर, कृषि क्षेत्र में ऐसी वृद्धि नहीं हुई।"

उपर्युक्त कथन के आलोक में, कृषि क्षेत्र पर सुधारों के प्रतिकूल प्रभाव के कारणों पर चर्चा कीजिए। *4*

अथवा

(ख) "भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण का एक महत्त्वपूर्ण परिणाम बाह्य-प्रापण है। हाल के समय में, भारत विदेशों के लिए बाह्य-प्रापण का केंद्र बन गया है।"

1991 के आर्थिक सुधारों के बाद इस विकास के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख व व्याख्या कीजिए। *4*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

29. (a) A new start-up has decided to hire software engineers. Its managers have decided to resort to on-the-job training for the freshers.

Do you endorse this decision taken by the managers ? Justify your answer with a valid explanation. *3*

OR

(b) After the reforms of 1991, India has been witness to employment opportunities in the service sector. These new jobs are mainly found in the informal sector.

Justify the given statement with a valid explanation. *3*

30. **Demographic Indicators, 2022**

Country	Estimated Population (In Millions)	Annual Growth Rate of Population	Gender Ratio (Per Thousand Males)
India	1412	0·68%	938
China	1417	– 0·01%	959
Pakistan	236	1·89%	982

Analyze the data given above, about the three nations with respect to their demographic indicators. *4*

31. (a) "With the de-reservation of industries from the public sector in 1991, the telecommunications sector witnessed rapid growth. On the contrary, the same was not experienced by the agriculture sector."

In the light of the above statement, discuss the reasons behind the adverse impact of reforms on the agriculture sector. *4*

OR

(b) "An important outcome of the integration of the Indian economy with the global world economy is outsourcing. In recent times, India has become a hub for Business Process Outsourcing."

State and discuss any two reasons behind this development after the 1991 economic reforms. *4*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

32.



उपर्युक्त चित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में कुल कार्यबल में किस श्रेणी के श्रमिकों का अनुपात अधिक है ? *1*

(ख) इस रूपरेखा (Pattern) के पीछे के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। *3*

नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल ***दृष्टिबाधित परिक्षार्थियों*** के लिए प्रश्न संख्या ***32*** के स्थान पर है।

निम्नलिखित श्रेणियों के संबंध में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में श्रमिकों के वितरण की रूपरेखा (Pattern) के पीछे के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए : *4*

(क) स्वनियोजित

(ख) नियमित वेतनभोगी श्रमिक

33. (क) (i) जैसा कि विनिवेश आयोग ने पाया है कि – "एक दीर्घकालिक विनिवेश रणनीति का सार न केवल बजटीय प्राप्तियों में वृद्धि होना चाहिए, बल्कि लाभहीन इकाइयों के लिए बजटीय समर्थन को कम करना भी होना चाहिए। इसके साथ-साथ ऐसी इकाईयों की दीर्घकालिक व्यवहार्यता व उनमें रोजगार के स्थायी स्तर को सुनिश्चित करना भी होना चाहिए।"

(I) पहचान कीजिए कि उपर्युक्त गद्य में किस क्षेत्र के विनिवेश का उल्लेख किया गया है। *1*

(II) भारत सरकार द्वारा इस विनिवेश रणनीति का औचित्य सिद्ध कीजिए। *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

32.



Answer the following questions on the basis of the above image :

(a) Which category of workers enjoys a greater proportion of the total workforce in both rural and urban areas ? *1*

(b) Discuss any two reasons behind this pattern. *3*

Note : *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of* ***Q. No. 32.***

Discuss any two reasons behind the pattern of distribution of workers in rural and urban areas with respect to the following categories : *4*

(a) Self-employed

(b) Regular salaried employees

33. (a) (i) As the Disinvestment Commission has observed, "the essence of a long-term disinvestment strategy should be not only to enhance budgetary receipts, but also minimise budgetary support towards unprofitable units. Also, it must ensure the long-term viability and sustainable levels of employment in such units."

(I) Identify the sector, whose disinvestment is being referred to in the statement. *1*

(II) Justify this disinvestment strategy adopted by the Indian Government. *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(ii) "औपनिवेशिक भारत में कृषि में स्थिरता न केवल उत्पादन की पिछड़ी तकनीकों के उपयोग के कारण थी, बल्कि अंग्रेज़ों द्वारा अपनाई गई शोषणकारी भू-व्यवस्था प्रणालियों व नीतियों का भी परिणाम थी।"
वैध तर्कों द्वारा इस कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए। *3*

अथवा

(ख) (i) "1950 के दशक में, अत्यधिक सरकारी नियमन ने उद्यमशीलता के विकास को बाधित किया।"
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध स्पष्टीकरण दीजिए। *3*

(ii) "सुधार काल में कर कटौती से कर राजस्व में वृद्धि नहीं हुई है।"
दिए गए कथन की वैध स्पष्टीकरण के साथ पुष्टि कीजिए। *3*

34. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

भारत का पुष्प उत्पादन उद्योग, एक उच्च प्रदर्शन वाले क्षेत्र के रूप में विकसित हुआ है, जिसने 100% निर्यात उन्मुखता के साथ "उदयमान उद्योग" का दर्जा प्राप्त किया है। पुष्पों की बढ़ती वैश्विक माँग से प्रेरित होकर, पुष्प उत्पादन कृषि क्षेत्र के अंतर्गत एक प्रमुख व्यावसायिक उद्यम के रूप में विकसित हुआ है।

व्यावसायिक पुष्प उत्पादन विशेष रूप से लाभदायक है, जो कई पारंपरिक फसलों की तुलना में प्रति इकाई अधिक प्रतिफल प्रदान करती है। अनाज, दलहन, सब्ज़ियाँ व तिलहन की तुलना में पुष्पों के उत्पादन में अधिक लाभार्जन देखा गया है। उपदान के समर्थन तथा फसल ऋण वित्तपोषण की सहायता से यह सीमांत एवं लघु जोत वाले कृषकों के लिए आशाजनक उद्यम है, जो कुल भूमि जोतों के 96% से अधिक तथा पुष्प उत्पादन के अंतर्गत कृषि क्षेत्र के 63% का गठन करते हैं।

वित्त वर्ष 2024 में, लगातार 297 हजार हैक्टेयर भूमि पुष्प उत्पादन के लिए समर्पित थी। इसी अवधि में, भारत ने 19,678 मीट्रिक टन पुष्प उत्पादों का निर्यात किया, जिससे ₹ 717·83 करोड़ (USD 86·63 million) की आय हुई। प्रमुख निर्यात गन्तव्यों में संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा एवं मलेशिया सम्मिलित थे।

उपर्युक्त गद्य व अर्थशास्त्र संबंधी सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कृषकों को स्थायी आजीविका प्रदान करने में पुष्प उत्पादन की आवश्यकता क्यों है ? *3*

(ii) ऐसे किन्हीं दो तरीकों की व्याख्या कीजिए, जिनसे सरकार छोटे एवं सीमांत कृषकों की सहायता कर सकती है। *3*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(ii) "Agricultural stagnation in colonial India was not only due to the use of backward techniques of production, but also a result of exploitative land settlement systems and policies adopted by the British."

Defend or refute this statement giving valid arguments. *3*

OR

(b) (i) "In the 1950s, excessive government regulation prevented the growth of entrepreneurship."

Do you agree with the given statement ? Give a valid explanation in support of your answer. *3*

(ii) "The tax reductions in the reform period have not resulted in an increase in tax revenue."

Justify the given statement with a valid explanation. *3*

34. Read the following text carefully :

India's floriculture industry has grown into a high-performing sector, earning its status as a "sunrise industry" with a 100 per cent export orientation. Driven by a growing global demand for flowers, floriculture has evolved into a key commercial venture within the agriculture sector.

Commercial floriculture is particularly lucrative, offering higher returns per unit area than many traditional field crops. Production of flowers witnessed more profitability compared to cereals, pulses, vegetables and oilseeds. With subsidy support and crop loan financing, it is a promising venture for marginal and small landholdings, which constitute more than 96 per cent of the total landholdings and 63 per cent of the area of cultivation under floriculture.

In FY24, approximately 297 thousand hectares were dedicated to floriculture. During the same period, India exported 19,678 metric tonnes of floriculture products, earning ₹ 717·83 crore (USD 86·63 million). Key export destinations included the USA, the Netherlands, the UAE, the UK, Canada and Malaysia.

On the basis of the given text and common understanding related to economics, answer the following questions :

(i) Why is floriculture essential for providing a sustainable livelihood for the farmers ? *3*

(ii) Explain any two ways in which the government can extend help to the small and marginal farmers. *3*